**Roll. No. .........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# M.A. (SEM.-III) (NEP) (SUPPLE.)EXAMINATION, 2024-25
# HISTORY
## [ Socio-Economic & Cultural History of Medieval India (1526-1740) ]

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 5 | 0 | 9 | 0 | 5 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **A** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. Ibadat Khana at Fatehpur Sikri was :
   - (A) the mosque for the use of Royal Family
   - (B) Akbar's private prayer chamber
   - (C) the hall in which Akbar held discussions with scholars of various religions
   - (D) the room in which the nobles belonging to different religions gathered to discuss religious affairs

2. In medieval India, Mansabdari system was introduced for:
   - (A) making recruitment to the army
   - (B) facilitating revenue collection
   - (C) ensuring religious harmony
   - (D) effecting clean administration

3. Head of the military department under the recognised central machinery of administration during Akbar's reign was:
   - (A) Diwan (B) Mir Bakshi
   - (C) Mir Saman (D) Bakshi

4. How did the Mughal Emperor Jahandarshah's reign, come to an early end?
   - (A) He was deposed by his Wazir
   - (B) He died due to a slip while climbing down the steps
   - (C) He was defeated by his nephew in a battle
   - (D) He died of sickness due to drinking

5. Aurangzeb reimposed 'jizya' in the twenty-second year of his reign in order to:
   - (A) put economic pressure for forcing the majority community to convert their religion
   - (B) meet a diffcult financial situation
   - (C) re-assert the fundamentally Islamic character of the State
   - (D) Show anger against the Marathas and Rajputs

1. फतेहपुर सीकरी स्थित इबादतखाना था :
   - (A) शाही परिवार के उपयोग हेतु मस्जिद
   - (B) अकबर का निजी प्रार्थना कक्ष
   - (C) वह कक्ष जहाँ अकबर विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ विचार-विमर्श करता था
   - (D) वह कक्ष जहाँ विभिन्न धर्मों के कुलीन लोग धार्मिक मामलों पर चर्चा करने के लिये एकत्रित होते थे

2. मध्यकालीन भारत में, मनसबदारी व्यवस्था की शुरुआत निम्नलिखित उद्देश्यों के लिये की गई थी :
   - (A) सेना में भर्ती करना
   - (B) राजस्व संग्रह को सुगम बनाना
   - (C) धार्मिक सद्भाव सुनिश्चित करना
   - (D) स्वच्छ प्रशासन लागू करना

3. अकबर के शासनकाल में प्रशासन की मान्यता प्राप्त केन्द्रीय मशीनरी के अन्तर्गत सैन्य विभाग का प्रमुख था :
   - (A) दीवान (B) मीर बक्शी
   - (C) मीर समन (D) बख्शी

4. मुगल सम्राट जहाँदारशाह का शासन काल शीघ्र ही कैसे समाप्त हो गया?
   - (A) उसे उसके वजीर ने पदच्युत कर दिया था
   - (B) सीढ़ियाँ उतरते समय फिसलकर उसकी मृत्यु हो गई
   - (C) एक युद्ध में उसके भतीजे ने उसे हरा दिया
   - (D) शराब पीने के कारण बीमारी से उसकी मृत्यु हो गई

5. औरंगजेब ने अपने शासनकाल के बाईसवें वर्ष में जज़िया कर फिर से लगाया ताकि :
   - (A) बहुसंख्यक समुदाय पर धर्म परिवर्तन के लिये आर्थिक दबाव डाला जा सके
   - (B) कठिन आर्थिक स्थिति का सामना किया जा सके
   - (C) राज्य के मूलतः इस्लामी चरित्र को पुनः स्थापित किया जा सके
   - (D) मराठों और राजपूतों के प्रति क्रोध प्रदर्शित किया जा सके

6. Which of the following Mughal emperors spent a greater part of his reign to overthrow the Deccan Kingdoms?
   - (A) Akbar
   - (B) Jahangir
   - (C) Shahjahan
   - (D) Aurangzeb

7. Between whom was the Battle of Khanwa (1527) fought?
   - (A) Ibrahim Lodi and Rana Sanga
   - (B) Babar and Rana Sanga
   - (C) Humayun and Sher Khan
   - (D) Humayun and Nusrat Shah

8. Which Mughal officer helped Humayun capture the fort of Chunargarh from Sher Shah?
   - (A) Rumi Khan
   - (B) Dilwar Khan
   - (C) Hindal
   - (D) Mahabat Khan

9. Buland Darwaza at Fatehpur Sikri was built by Akbar to commemorate his victory over which province?
   - (A) Gujarat (B) Sind
   - (C) Punjab (D) Mewar

10. Which of the following areas was not conquered by Akbar?
   - (A) Kashmir (B) Qandahar
   - (C) Orissa (D) Bidar

11. Mughal-Mewar peace treaty was concluded during the times of ?
   - (A) Humayun
   - (B) Akbar
   - (C) Jahangir
   - (D) Shah Jahan

6. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने अपने शासनकाल का अधिकांश समय दक्कन राज्यों को उखाड़ फेंकने में बिताया?
   - (A) अकबर
   - (B) जहाँगीर
   - (C) शाहजहाँ
   - (D) औरंगजेब

7. खानवा का युद्ध (1527) किसके बीच लड़ा गया?
   - (A) इब्राहीम लोदी और राणा सांगा
   - (B) बाबर और राणा सांगा
   - (C) हुमायूँ और शेर खाँ
   - (D) हुमायूँ और नुसरत शाह

8. किस मुगल अधिकारी ने हुमायूँ को शेरशाह से चुनारगढ़ का किला जीतने में मदद की थी?
   - (A) रूमी खाँ
   - (B) दिलवर खाँ
   - (C) हिंदाल
   - (D) महावत खाँ

9. फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा अकबर ने किस प्रांत पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में बनवाया था?
   - (A) गुजरात (B) सिंघ
   - (C) पंजाब (D) मेवाड़

10. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र अकबर द्वारा विजित नहीं किया गया था?
   - (A) कश्मीर (B) कंधार
   - (C) उड़ीसा (D) बीदर

11. मुगल-मेवाड़ शान्ति संधि किसके काल में सम्पन्न हुई?
   - (A) हुमायूँ
   - (B) अकबर
   - (C) जहाँगीर
   - (D) शाहजहाँ

12. Which Mughal emperor stopped the practice of Forceful conversion of prisoners of war?

(A) Akbar (B) Jahangir

(C) Shah Jahan (D) Aurangzeb

13. Whose reign is referred to as Renaissance in Persian, Arabic and Hindi literature?

(A) Akbar (B) Jahangir

(C) Shah Jahan (D) Aurangzeb

14. Which Mughal emperor enrolled Guru Govind Singh into Mughal service?

(A) Bahadur Shah I

(B) Jahandar Shaha

(C) Faurkh Siyyar

(D) Mohammed Shah

15. Sher Shah is considered to be the fore-runner of Akbar in administration because:

(A) His administrative policies were adopted by Akbar

(B) He ruled before Akbar

(C) He trained Akbar in administration

(D) He supervised Akbar's administration

16. Khalsa in Mughal rule meant :

(A) The Land belonging to Emperor

(B) All royal system

(C) Land from where revenue was collected for royal treasure

(D) Religious Land grant

17. In 1576, the Mughal army fought the battle of Haldighati with :

(A) Prithvi Raj Chauhan

(B) Maharana Pratap

(C) Udai Singh

(D) Man Singh

12. किस मुगल सम्राट ने युद्धबन्दियों के जबरन धर्म परिवर्तन की प्रथा को रोका था?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

13. फारसी, अरबी और हिन्दी साहित्य में किसके शासनकाल को पुनर्जागरण काल कहा जाता है?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

14. किस मुगल सम्राट ने गुरु गोविन्द सिंह को मुगल सेवा में भर्ती किया था?

(A) बहादुर शाह प्रथम

(B) जहाँदार शाह

(C) फर्रुखसियार

(D) मोहम्मद शाह

15. शेरशाह को प्रशासन में अकबर का पूर्ववर्ती माना जाता है क्योंकि :

(A) उसकी प्रशासनिक नीतियों को अकबर ने अपनाया था

(B) उसने अकबर से पहले शासन किया

(C) उसने अकबर को प्रशसन में प्रशिक्षित किया

(D) उसने अकबर के प्रशासन का पर्यवेक्षण किया

16. मुगल शासन में खालसा का अर्थ था :

(A) सम्राट की भूमि

(B) समस्त शाही व्यवस्था

(C) वह भूमिं जहाँ से शाही खजाने के लिये राजस्व एकत्र किया जाता था

(D) धार्मिक भूमि अनुदान

17. 1576 में, मुगल सेना ने हल्दीघाटी का युद्ध किसके साथ लड़ा था?

(A) पृथ्वीराज चौहान

(B) महाराणा प्रताप

(C) उदय सिंह

(D) मान सिंह

18. Who was the king to organize Asht Pradhan?
   (A) Akbar
   (B) Shivaji
   (C) Krishnadeva Ray
   (D) Tipu Sultan

19. Who of the Mughal rulers understood the significance of Rajputs and tried to win them?
   (A) Akbar
   (B) Jahangir
   (C) Shahjahan
   (D) Aurangzeb

20. Which is not a characteristic of the Taj Mahal's architecture ?
   (A) Charbagh Plan
   (B) Double Dome
   (C) Pietra Dura
   (D) White Marble

21. The member of Shivaji's Ashtapradhan who looked after foreign affairs was:
   (A) Peshwa (B) Sachiv
   (C) Pandit Rao (D) Sumant

22. Mughal-Maratha treaty of 1719 was concluded in the times of ?
   (A) Jahandar Shah
   (B) Farukh Siyyar
   (C) Mohammed Shah
   (D) Bahadur Shah II

23. Before which of his important battles in India did Babur declare the abolition of Tamgha tax?
   (A) Panipat
   (B) Khanwa
   (C) Chanderi
   (D) None of these

18. अष्ट प्रधान का आयोजन करने वाला राजा कौन था?
   (A) अकबर
   (B) शिवाजी
   (C) कृष्णदेव राय
   (D) टीपू सुल्तान

19. किस मुगल शासक ने राजपूतों के महत्व को समझा और उन्हें जीतने का प्रयास किया?
   (A) अकबर
   (B) जहाँगीर
   (C) शाहजहाँ
   (D) औरंगजेब

20. ताजमहल की वास्तुकला की कौन सी विशेषता नहीं है?
   (A) चारबाग योजना
   (B) दोहरा गुम्बद
   (C) पिएत्रा ड्यूरा
   (D) सफेद संगमरमर

21. शिवाजी के अष्टप्रधान का वह सदस्य जो विदेशी मामलों की देखभाल करता था, वह था:
   (A) पेशवा (B) सचिव
   (C) पंडित राव (D) सुमंत

22. 1719 की मुगल-मराठा संधि किसके काल में हुई थी?
   (A) जहाँदार शाह
   (B) फर्रुखसियार
   (C) मोहम्मद शाह
   (D) बहादुरशाह द्वितीय

23. भारत में अपने किस महत्वपूर्ण युद्ध से पहले बाबर ने तमगा कर को समाप्त करने की घोषणा की थी?
   (A) पानीपत
   (B) खानवा
   (C) चंदेरी
   (D) इनमें से कोई नहीं

24. Who was the infamous Qazi Fazihat or Qazi Fazilat during the reign of Sher Shah?

(A) Governor of Bengal

(B) Qazi-i-lashkar

(C) Qazi-ul-Qazzat

(D) Qazi of Bengal

25. Who was proclaimed as Mughal emperor by Asaf Khan on Jahangir's death to ensure Khurram's (Shahjahan's) enthronement?

(A) Shahryar

(B) Dawar Baksh

(C) Tahmurs

(D) Hoshang

26. Who among the following Englishmen was well versed in the Turkish language, received a Mansab of 400 and the title of 'English Khan' or Firangi Khan?

(A) Fitch

(B) Mildenhall

(C) Hawkins

(D) Sir Thomas Roe

27. In which language did Babar wrote his Autobiography?

(A) Farsee

(B) Arabi

(C) Turki

(D) None of these

28. What was the percentage (of the total revenue charged) of the extra tax charged by Sher Shah for the use of general welfare in calamities and emergencies?

(A) 7.5%

(B) 5.0%

(C) 2.5%

(D) 1.5%

24. शेरशाह के शासनकाल के दौरान कुख्यात काजी फजीहत या काजी फजीलत कौन था?

(A) बंगाल का राज्यपाल

(B) काजी–ए–लश्कर

(C) काजी–उल–कज्जात

(D) बंगाल का काजी

25. खुर्रम (शाहजहाँ) के सिंहासनारूढ़ होने को सुनिश्चित करने के लिये जहाँगीर की मृत्यु पर आसफ खान ने किसे मुगल सम्राट घोषित किया था?

(A) शहरयार

(B) दावर बक्श

(C) तहमुर्स

(D) होशंग

26. निम्नलिखित अंग्रेजों में से कौन तुर्की भाषा का अच्छा जानकार था, जिसे 400 का मनसब और 'अंग्रेज खान' या 'फिरंगी खान' की उपाधि प्राप्त थी?

(A) फिच

(B) मिल्डेनहॉल

(C) हॉकिन्स

(D) सर थॉमस रो

27. बाबर ने अपनी आत्मकथा किस भाषा में लिखी थी?

(A) फारसी

(B) अरबी

(C) तुर्की

(D) इनमें से कोई नहीं

28. आपदाओं और आपात स्थितियों में सामान्य कल्याण के उपयोग के लिये शेरशाह द्वारा लगाए गए अतिरिक्त कर का प्रतिशत (कुल राजस्व का) कितना था?

(A) 7.5%

(B) 5.0%

(C) 2.5%

(D) 1.5%

29. On whom emperor, Akbar conferred the title of 'Jagat Guru' ?

(A) Purushottam

(B) Dastur Meherji Rana

(C) Hari Vijay Suri

(D) Devi

30. What does the term 'Elchi' or 'Safir' denote in the sixteenth century Mughal administrative vocabulary?

(A) Ambassadors

(B) Rebels

(C) Spies

(D) Governors

31. Which year of Akbar's reign has been regarded by the historian Vicent A. Smith as the most critical time?

(A) 1556 AD

(B) 1561 AD

(C) 1571 AD

(D) 1581 AD

32. During the Mughal period, what was Narnal or light artillery?

(A) One carried on elephant back

(B) One carried on camel back

(C) One carried by man

(D) None of these

33. Mahzar of 1579 was drafted by :

(A) Sheikh Mubarak

(B) Abdun Nabi

(C) Abul Fazal

(D) Faizi

34. Among the following, which Mughal emperor introduced the policy of Sulah-i-Kul?

(A) Akbar (B) Jahangir

(C) Humayun (D) Aurangzeb

29. अकबर ने किस सम्राट को 'जगत गुरू' की उपाधि प्रदान की थी?

(A) पुरुषोत्तम

(B) दस्तूर मेहरजी राणा

(C) हरि विजय सूरी

(D) देवी

30. सोलवहीं शताब्दी की मुगल प्रशासनिक शब्दावली में 'एलची' या 'सफ' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) राजदूत

(B) विद्रोही

(C) जासूस

(D) राज्यपाल

31. इतिहासकार विसेंट ए. स्मिथ ने अकबर के शासनकाल के किस वर्ष को सबसे महत्वपूर्ण समय माना है?

(A) 1556 ई.

(B) 1561 ई.

(C) 1571 ई.

(D) 1581 ई.

32. मुगल काल में नरनाल या हल्का तोपखाना क्या था?

(A) हाथी की पीठ में ले जाया जाने वाला

(B) ऊँट की पीठ पर ले जाया जाने वाला

(C) मनुष्य द्वारा ले जाया जाने वाला

(D) इनमें से कोई नहीं

33. 1579 का मजहर किसके द्वारा तैयार किया गया था?

(A) शेख मुबारक

(B) अब्दुन नबी

(C) अबुल फजल

(D) फैजी

34. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने सुलह-ए-कुल की नीति शुरू की?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) हुमायूँ (D) औरंगजेब

35. Which among the following became an integral part of Shahjahan's empire ?
   (A) Golkunda
   (B) Ahmednagar
   (C) Bijapur
   (D) None of these

36. Which company was authorized by Jahangir to set up a factory in Surat?
   (A) The English East India Company
   (B) The French East India Company
   (C) The United East India Company
   (D) The Portuguese East India Company

37. Which of the following was the court language during the reign of Akbar?
   (A) Hindi (B) Urdu
   (C) Persian (D) Arabic

38. Which of the following tombs is placed in the centre of a large garden and resembles as a prototype of the Taj Mahal?
   (A) Akbar's tomb at Sikandara
   (B) Itmaduddaula's tomb at Agra
   (C) Shershah's tomb at Sasaram
   (D) Humayun's tomb at Delhi

39. Which one of the following contemporary sources depicts Humayun's passion for astronomy and astrology?
   (A) Tarikh-i-Rashidi
   (B) Tuzuk-i-Babri
   (C) Humayun Namah
   (D) Qanun-i-Humayuni

40. Which Mughal emperor abolished the old custom of Sizda?
   (A) Akbar
   (B) Shahjahan
   (C) Aurangzeb
   (D) Bahadurshah

35. निम्नलिखित में से कौन शाहजहाँ के साम्राज्य का अभिन्न अंग बन गया?
   (A) गोलकुंडा
   (B) अहमदनगर
   (C) बीजापुर
   (D) इनमें से कोई नहीं

36. जहाँगीर का सूरत में कारखाना स्थापित करने के लिये किस कम्पनी को अधिकृत किया था?
   (A) इंग्लिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   (B) फ्रांसिसी ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   (C) यूनाइटेड ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   (D) पुर्तगाली ईस्ट इण्डिया कम्पनी

37. अकबर के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौन-सी दरबारी भाषा थी?
   (A) हिंदी (B) उर्दू
   (C) फारसी (D) अरबी

38. निम्नलिखित में से कौन-सा मकबरा एक बड़े बगीचे के केन्द्र में स्थित है और ताजमहल के प्रोटोटाइप जैसा दिखता है?
   (A) सिकंदरा में अकबर का मकबरा
   (B) आगरा में एत्मादुद्दौला का मकबरा
   (C) सासाराम में शेरशाह का मकबरा
   (D) दिल्ली में हुमायूँ का मकबरा

39. निम्नलिखित में से कौन-सा समकालीन स्रोत हुमायूँ के खगोल विज्ञान और ज्योतिष के प्रति जुनून को दर्शाता है?
   (A) तारीख-ए-रशीदी
   (B) तुजुक-ए-बाबरी
   (C) हुमायूँ नामा
   (D) कानून-ए-हुमायूँ

40. किस मुगल सम्राट ने सिजदा की पुरानी प्रथा को समाप्त कर दिया?
   (A) अकबर
   (B) शाहजहाँ
   (C) औरंगजेब
   (D) बहादुरशाह

41. The Delhi Madarasa known as 'Khairul Manazil' was built by
   (A) Hamida Bano Begum
   (B) Gulbadan Begum
   (C) Maham Angah
   (D) Shah Begum

42. "Din-i-Ilahi' was a movement of Akbar's folly, not of his wisdom." Who made this statement?
   (A) A.L. Srivastava
   (B) R.P. Tripathi
   (C) V.A. Smith
   (D) S.R. Sharma

43. Who among the following painters committed suicide?
   (A) Basawan (B) Lal
   (C) Daswant (D) Mahesh

44. The offsprings of which Mughal emperor were born in a Sufi's Khanqah instead of the Mughal haram?
   (A) Humayun (B) Akbar
   (C) Shahjahan (D) Aurangzeb

45. During whose reign did Khan-Jahan Lodi revolt?
   (A) Akbar (B) Jahangir
   (C) Shahjahan (D) Aurangzeb

46. Who among the following poets was given the title of 'Malik-ush- Shoara' by Akbar?
   (A) Ashki (B) Qudsi
   (C) Faizi (D) Farebi

47. Jahandar Shah ascended the throne after the death of
   (A) Azam Shah
   (B) Bahadur Shah I
   (C) Farrukh Siyar
   (D) Muhammad Shah

41. 'खैरुल मनाज़िल' के नाम से प्रसिद्ध दिल्ली मदरसा का निर्माण किसने करवाया था?
   (A) हमीदा बानो
   (B) गुलबदन बेगम
   (C) माहम अंगाह
   (D) शाह बेगम

42. "दीन-ए-इलाही अकबर की मूर्खता का परिणाम था, उसकी बुद्धिमत्ता का नहीं।" यह कथन किसने दिया था?
   (A) ए.एल. श्रीवास्तव
   (B) आर.पी. त्रिपाठी
   (C) वी.ए. स्मिथ
   (D) एस.आर. शर्मा

43. निम्नलिखित चित्रकारों में से किसने आत्महत्या की?
   (A) बसावन (B) लाल
   (C) दसवंत (D) महेश

44. किस मुगल सम्राट की संतान मुगल हरम के बजाय एक सूफी खानकाह में पैदा हुई थी?
   (A) हुमायूँ (B) अकबर
   (C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

45. खान-जहाँ लोदी ने किसके शासनकाल में विद्रोह किया था?
   (A) अकबर (B) जहाँगीर
   (C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

46. निम्नलिखित में से किस कवि को अकबर ने 'मलिक-उश-शोअरा' की उपाधि दी थी?
   (A) अश्की (B) कुदसी
   (C) फैजी (D) फरेबी

47. जहाँदार शाह किसकी मृत्यु के बाद गद्दी पर बैठा?
   (A) आजम शाह
   (B) बहादुर शाह प्रथम
   (C) फर्रुखसियर
   (D) मुहम्मद शाह

48. Which one of the following was not among the 12 Ordinances of Jahangir?
- (A) Prohibition of Wine
- (B) Amnesty to Prisoners
- (C) Abolition of Tamgha and Mir Bahri
- (D) Confiscation of Madad-i-Mash lands

49. Kalanaur is known as a place of
- (A) Akbar's birth place
- (B) Proclamation of Akbar as the emperor
- (C) Marriage ceremony of Humayun
- (D) None of the above

50. Who among the following Mughal kings had sent Raja Ram Mohan Roy as his envoy to London?
- (A) Alamgir II
- (B) Shah Alam II
- (C) Akbar II
- (D) Bahadur Shah II

51. Name the person who wrote the history of Aurangzeb in total secrecy. What was the name of the work?
- (A) Aquil Khan Razi's Zafar Namah-i-Alamgiri
- (B) Khafi Khan's Munta Khab-ul-Lubar
- (C) Mirza Muhammad Kazim's Alamgir naham
- (D) Muhammad Saqi's Masir-i-Alamgiri

52. What was/ were the cause(s) of war of succession between the son of Shah Jahan?
- (A) Removal of Mir Mumla, a confident of Aurangzeb, from the office of wazir
- (B) Unfounded rumour of Shah Jaha's death and succession of Dara Shikoh to the throne.
- (C) Shah Jahan's special affection for Dara Shikoh, leading to rivalry between Dara Shikoh and Aurangzeb.
- (D) Both (B) and (C)

48. निम्नलिखित में से कौन-सा जहाँगीर के 12 अध्यादेशों में से नहीं था?
- (A) शराब बंदी
- (B) कैदियों को क्षमादान
- (C) तमगा और मीर बाहरी का उन्मूलन
- (D) मदद-ए-माश भूमि की जब्ती

49. कलानौर को किस स्थान के रूप में जाना जाता है?
- (A) अकबर का जन्मस्थान
- (B) अकबर को सम्राट घोषित किया जाना
- (C) हुमायूँ का विवाह समारोह
- (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. निम्नलिखित में से किस मुगल राजा ने राजा राम मोहन राय को अपना दूत बनाकर लंदन भेजा था?
- (A) आलमगीर द्वितीय
- (B) शाहआलम द्वितीय
- (C) अकबर द्वितीय
- (D) बहादुर शाह द्वितीय

51. उस व्यक्ति का नाम बताइये जिसने औरंगजेब का इतिहास पूरी गोपनीयता से लिखा था। इस कृति का नाम क्या था?
- (A) अकील खान रज़ी की ज़फर नामा-ए आलमगीरी
- (B) खफी खानक की मुंता खब-उल लुबार
- (C) मिर्ज़ा मुहम्मद काज़िम की आलमगीर नामा
- (D) मुहम्मद साकी की मसीर-ए-आलमगीरी

52. शाहजहाँ के पुत्र और उसके पुत्र के बीच उत्तराधिकार का /के कारण क्या थे?
- (A) औरंगजेब के विश्वासपात्र मीर मुमला को वजीर के पद से हटाना
- (B) शाहजहाँ की मृत्यु और दारा शिकोह के सिंहासन पर बैठने की निराधार अफवाह
- (C) शाहजहाँ का दाराशिकोह के प्रति स्नेह, जिसके कारण दारा शिकोह और औरंगजेब की प्रतिद्वंद्विता हुई
- (D) दोनों (B) और (C)

53. Which one of the following pairs is NOT correctly matched?

(A) Afif Qandahari — Tarikh-o-Akbari

(B) Nizamuddin — Tabaqat-i-Akbari

(C) Abdul Qadir — Muntakhab-ut-Tawarikh

(D) Mutamad Khan — Khulastut Tawarikh

54. Which one of the following pairs is Not correctly matched?

(A) Gulbadan Begum — Humayunama

(B) Khawand Mir — Qanum-i-Humayuni

(C) Ziauddin Barani — Tarikh-i-Firuzshahi

(D) Khwaja Kalan — Tazkira-i-Humayun Akbar

55. Which Mughal emperor prohibited the use of tobacco?

(A) Babur

(B) Jahangir

(C) Aurangzeb

(D) Muhammad Shah

56. Which one of the following pairs is NOT correctly matched?

(A) Iqta : Revenue assignment for civil and military service

(B) Mansab : Official status of the nobles in the sultanate administration

(C) Khalisa : Directly administered land by the Mughal emperor

(D) Ijara : A contractual system of revenue assignment

53. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) अफीफ कंधारी - तारीख-ओ-अकबरी

(B) निजामुद्दीन-तबकात-ए-अकबरी

(C) अब्दुल कादिर - मुंतखब-उत-तवारीख

(D) मुतमद खान - खुलस्तुत तवारीख

54. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सुमेलित नहीं है ?

(A) गुलबदन बेगम - हुमायूँ नामा

(B) ख्वांद मीर - क़ानुम-ए-हुमायूनी

(C) जियाउद्दीन बरनी- तारीख-ए-फिरोजशाही

(D) ख्वाजा कला- तज़किरा-ए-हुमायूँ अकबर

55. किस मुगल बादशाह ने तम्बाकू के प्रयोग पर रोक लगाई थी?

(A) बाबर

(B) जहाँगीर

(C) औरंगजेब

(D) मुहम्मद शाह

56. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

(A) इक्ता : नागरिक और सैन्य सेवा के लिये राजस्व आवंटन

(B) मनसब : सल्तनत प्रशासन में कुलीनों की अधिकारिक स्थिति

(C) खलिसा : मुगल सम्राट द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रशासित भूमि

(D) इजारा : राजस्व आवंटन की एक संविदात्मक प्रणाली

57. Which one of the following indicates the correct chronological order in which the four give important forts were captured by Emperor Akbar?

(A) Asirgarh-Ranthambhor-Kalinjar-Merta
(B) Merta-Kalinjar-Ranthambhor-Asirgarh
(C) Asirgarh-Kalinjar-Ranthambhor-Merta
(D) Merta-Ranthambhor-Kalinjar-Asirgarh

58. There was an unprecedented increase in the number of mansabdars during the reign of:

(A) Akbar (B) Jahangir
(C) Shahjahan (D) Aurangzeb

59. The do aspa, sih aspa rank in the mansabdari system was introduced by:

(A) Akbar (B) Jahangir
(C) ShahJahan (D) Aurangzeb

60. During the reign of Jahangir, the title of Nair-ul-Asr was given to:

(A) Mir Sayyid Ali
(B) Abdus Samad
(C) Abul Hasan
(D) Ustad Mansur

61. Which one of the following pairs is correct matched?

(A) Gulbadan Begum : Akbar
(B) Abdul Hamid Lahori : Jahangir
(C) Khafi Khan : Shahjahan
(D) Zeb-un-Nissa : Bahadur Shah II

62. Which one of the following pairs is NOT correctly matched?

(A) Ahmad Shah : Hazrat Gesu Daraz
(B) Mahmud Begarha : Faizi Sarhindi
(C) Akbar : Abdur Rahim Khan-i- Khanan
(D) Jahangir : Muhammad Salih

57. निम्नलितखित में से कौन-सा विकल्प सही कालानुक्रमिक क्रम दर्शाता है जिसमें सम्राट अकबर द्वारा चार महत्वपूर्ण किलों पर कब्जा किया गया था?

(A) असीरगढ़-रणथंभौर-कालिंजर-मेड़ता
(B) मेड़ता-कालिंजर-रणथंभौर-असीरगढ़
(C) असीरगढ़-कालिंजर-रणथंभौर-मेड़ता
(D) मेड़ता-रणथंभौर-कालिंजर-असीरगढ़

58. किसके शासनकाल में मनसबदारों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई?

(A) अकबर (B) जहांगीर
(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

59. मनसबदारी व्यवस्था में दो एस्पा, सीह, एस्पा रैंक इसके द्वारा दी गई थी :

(A) अकबर (B) जहांगीर
(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

60. जहाँगीर के शासनकाल में नैयर-उल-असर की उपाधि किसे दी गई थी?

(A) मीर सैय्यद अली
(B) अब्दुस समद
(C) अबुल हसन
(D) उस्ताद मंसूर

61. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

(A) गुलबदन बेगम : अकबर
(B) अब्दुल हमीद लाहौरी : जहाँगीर
(C) खफी खान : शाहजहाँ
(D) जेब-उन-निसा : बहादुर शाह द्वितीय

62. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) अहमद शाह : हजरत गेसू दराज
(B) महमूद बेगरा : फैजी सरहिंदी
(C) अकबर : अब्दुर रहीम खान-ए-खाना
(D) जहाँगीर : मुहम्मद सालेह

63. Who invented the technique of extracting scent from Rose?
(A) Maham Anga
(B) Nurjahan
(C) Mumtaz Mahal
(D) Roshan Ara

64. Tobacco cultivation was introduced in the Deccan by the Portuguese during the 16th century. Tobacco smoking reached the Mughal Court because of which one of the following?
(A) The Portuguese missionaries introduced it into the Mughal Court
(B) The Mughal ambassador to Bijapur, Mirza Asad baig introduced it to Akbar
(C) The soldiers of the Deccan spread this among the Mughal nobility
(D) The farmers who took tobacco cultivation introduced this to the Mughal Court

65. Whose painting style was an immediate inspiration at the time of Babur's conquest of Delhi?
(A) Mansur (B) Sayyid Ali
(C) Bihzad (D) Miskin

66. Who among the following introduced the dahasala system of land revenue collection for the first time?
(A) Babur (B) Humayun
(C) Akbar (D) Shahjahan

67. Which one of the following pairs is NOT correctly matched?
(A) Humayunama : Gulbadan Begum
(B) Tabaqat-I Akbari : Nizamuddin Ahmad
(C) Padshahnama : Abdul Hamid Lahori
(D) Futuhat-I Alamgiri : Mirza Muhammad Kazim

63. गुलाब से सुगंध निकालने की तकनीक का अविष्कार किसने किया था?
(A) माहम अंगा
(B) नूरजहाँ
(C) मुमताज महल
(D) रोशन आरा

64. 16वीं शताब्दी में पुर्तगालियों द्वारा दक्कन में तम्बाकू की खेती शुरू की गई थी। निम्नलिखित में से किसके कारण तम्बाकू धूम्रपान मुगल दरबार तक पहुँचा?
(A) पुर्तगाली मिशनरियों ने इसे मुगल दरबार में पेश किया गया
(B) बीजापुर में मुगल राजदूत, मिर्जा असद बेग ने इसे अकबर से परिचित कराया
(C) दक्कन के सैनिकों ने इस मुगल कुलीन वर्ग में फैलाया
(D) तम्बाकू की खेती करने वाले किसानों ने इसे मुगल दरबार में पेश किया

65. बाबर की दिल्ली विजय के समय किसकी चित्रकला शैली तत्काल प्रेरणा थी?
(A) मंसूर (B) सैय्यद अली
(C) बिहज़ाद (D) मिस्किन

66. निम्नलिखित में से किसने पहली बार भू-राजस्व संग्रह की दहसाला प्रणाली शुरू की?
(A) बाबर (B) हुमायूँ
(C) अकबर (D) शाहजहाँ

67. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(A) हुमायूँनामा : गुलबदन बेगम
(B) तबक़ात-ए-अकबरी : निजामुद्दीन अहमद
(C) पादशाहनामा : अब्दुल हमीद लाहौरी
(D) फुतुहात-ए-आलमगिरी : मिर्जा मुहम्मद काजिम

68. Which one of the following buildings is NOT located in Fatehpur Sikri?

(A) Buland Darwaza

(B) Anup Talao

(C) Qila-i-Kuhna mosque

(D) Panch Mahal

68. निम्नलिखित में से कौन-सी इमारत फतेहपुर सीकरी में स्थित नहीं है?

(A) बुलंद दरवाजा

(B) अनूप तालाब

(C) किला-ए-कुहना मस्जिद

(D) पंच महल

69. With reference to the Mughal administration, which one of the following statements is NOT correct?

(A) The Mughal artillery was under the charge of Mir-i- Atish

(B) Supervision over the lands granted by the Emperors or princes to pious men, shcolars and monks was under the charge of the chief Sadr

(C) The imperial household was under the charge of Mir Manzil

(D) The censorship of public morals was under the charge of Muhtasib

69. मुगल प्रशासन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) मुगल तोपखाना मीर-ए-आतिश के अधीन था

(B) सम्राटों या राजाकुमारों द्वारा धर्मपरायण पुरुषों, विद्वानों और भिक्षुओं को दी गई भूमि की देखरेख मुख्य सदर के अधीन थी

(C) शाही परिवार मीर मंजिल के अधीन था

(D) सार्वजनिक नैतिकता पर नियंत्रण मुहतासिब के अधीन था

70. The first archtectural achievement of Jahangir's reign in India was the consturction of his father's mausoleum.Where was it built?

(A) Lahore

(B) Shikohabad

(C) Surat

(D) Sikandara

70. भारत में जहाँगीर के शासनकाल की पहली स्थापत्य उपलब्धि उसके पिता के मकबरे का निर्माण था। यह कहाँ बनाया गया था?

(A) लाहौर

(B) शिकोहाबाद

(C) सूरत

(D) सिकंदरा

71. Ibadat Khana at Fatehpur Sikri was

(A) the mosque for the use of Royal Family

(B) Akbar's private prayer chamber

(C) the hall in which Akbar held discussions with scholars of various religions

(D) the room in which the nobles belonging to different religions gathered to discuss religious affairs

71. फतेहपुर सीकरी स्थित इबादतखाना था :

(A) शाही परिवार के उपयोग के लिये मस्जिद थी

(B) अकबर का निजी प्रार्थना कक्ष था

(C) वह कक्ष जहाँ अकबर विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ विचार-विमर्श करता था

(D) वह कक्ष जहाँ विभिन्न धर्मों के कुलीन लोग धार्मिक मामलों पर चर्चा करने के लिये एकत्रित होते थे

72. Among the following which Mughal Emperor introduced the policy of Sulh-i-kul?

(A) Babar

(B) Humayun

(C) Akbar

(D) Shahjahan

72. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने सुलह–ए–कुल की नीति शुरू की?

(A) बाबर

(B) हुमायूँ

(C) अकबर

(D) शाहजहाँ

73. Who among the following was not a party to the coalition that fought against the English in the Battle of Buxar?

(A) Mir Kasim

(B) Mir Jafar

(C) Shuja-ud-daulah

(D) Shah Alam II

73. निम्नलिखित में से कौन बक्सर के युद्ध में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने वाले गठबंधन का सदस्य नहीं था?

(A) मीर कासिम

(B) मीर जाफर

(C) शुजाउद्दौला

(D) शाह आलम द्वितीय

74. Who among the following has issued the coin rupee for the first time?

(A) Muhammad bin Tughluq

(B) Ala-ud-din Khilji

(C) Sher Shah

(D) Akbar

74. निम्नलिखित में से किसने पहली बार रुपया सिक्का जारी किया था?

(A) मुहम्मद बिन तुगलक

(B) अलाउद्दीन खिलजी

(C) शेरशाह

(D) अकबर

75. Which one among the following books was authored by a lady of the Mughal Royal House?

(A) Akbar Nama

(B) Babur Nama

(C) Humayun Nama

(D) Badshah Nama

75. निम्नलिखित में से कौन–सी पुस्तक मुगल शाही घराने की एक महिला द्वारा लिखी गई थी?

(A) अकबरनामा

(B) बाबरनामा

(C) हुमायूँनामा

(D) बादशाहनामा

76. Which one among the following depicts the correct meaning of the term Tins-i-Kamil concerning crops in Mughal India?

(A) Paddy crop

(B) Cash crop

(C) Coarse crop

(D) Crop grown, in the arid

77. Which of the following did not constitute part of the army reforms of Sher Shah?

(A) Keeping a large army at the centre

(B) Introduction of a swiftly moving artillery

(C) Cash payment to soldiers

(D) Introduction of the practice of branding horses

78. Which of the statements given below about the Mughal rule in India is false ?

(A) Peasant communities were a united and homogeneous group

(B) There was an abundance of food grain

(C) The State encouraged these crops that brought in more revenue

(D) Most regions produced two crops in a year

79. Between whom was the Battle of Chausa fought?

(A) Bahadur Shah of Gujarat and Humayun

(B) Humayun and Sher Khan

(C) Akbar and Rana Pratap

(D) Jehangir and Rana Amar Singh

76. निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल भारत में फसलों से संबंधित तिन्स-ए-कामिल शब्द का सही अर्थ दर्शाता है?

(A) धान की फसल

(B) नकदी फसल

(C) मोटी फसल

(D) शुष्क भूमि में उगाई जाने वाली फसल

77. निम्नलिखित में से कौन शेरशाह के सैन्य सुधारों का हिस्सा नहीं था?

(A) केन्द्र में एक विशाल सेना रखना

(B) तेज गति से चलने वाले तोपखाने की शुरुआत

(C) सैनिकों को नकद भुगतान

(D) घोड़ों पर दाग लगाने की प्रथा की शुरुआत

78. भारत में मुगल शासन के बारे में नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा गलत है?

(A) किसान समुदाय एक संगठित और समरूप समूह थे

(B) खाद्यान्न की प्रचुरता थी

(C) राज्य इन फसलों को प्रोत्साहित करता था जिससे अधिक राजस्व प्राप्त होता था

(D) अधिकांश क्षेत्रों में एक वर्ष मं दो फसलें उगाई जाती थीं

79. चौसा का युद्ध किसके बीच लड़ा गया था?

(A) गुजरात के बहादुर शाह और हुमायूँ

(B) हुमायूँ और शेर खान

(C) अकबर और राणा प्रताप

(D) जहाँगीर और राणा अमर सिंह

80. During Aurangzeb's reign, whose duty was it to see that people lived their lives in accordance with the 'Sharia'?

(A) Ahadis

(B) Mansabhdars

(C) Muhtasibs

(D) Walashuhis

81. Who among the following had constructed the Red Fort in Delhi ?

(A) Akbar

(B) Jahangir

(C) Shahjahan

(D) Aurangzeb

82. Which of the following statements about Aurangzeb is true?

1. He was the greatest Mughal emperor.
2. He worked for the glory of the Mughal dynasty.
3. He dismissed tradition of music in his court.
4. His biggest enemy was marathas.

Which of the above is/are correct?

(A) 1 and 2

(B) 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 2, 3 and 4

80. औरंगजेब के शासनकाल में, यह सुनिश्चित करना किसका कर्तव्य था कि लोग 'शरिया' के अनुसार अपना जीवन जिएँ?

(A) अहादीस

(B) मनसबदार

(C) मुहतसिब

(D) वलाशुही

81. निम्नलिखित में से किसने दिल्ली में लाल किला बनवाया था?

(A) अकबर

(B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ

(D) औरंगजेब

82. औरंगजेब के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

1. वह सबसे महान मुगल सम्राट था
2. उसने मुगल वंश के गौरव के लिए काम किया
3. उसने अपने दरबार में संगीत की परंपरा को समाप्त कर दिया
4. उसका सबसे बड़ा दुश्मन मराठा थे

उपरोक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं

(A) 1 और 2

(B) 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 2, 3 और 4

83. The greatest literary achievement of the Mughal period can be said to be

1. preserving of official records in a systematic manner.
2. the replacement of religious bias by secular attitude among the men of letters and their patrons.
3. adoption of a common language to understand the thinking of the common people.
4. they expressed their intellectual knowledge through the paintings and sculptures.

(A) 1 and 2
(B) 3 and 4
(C) 2 only
(D) 2 and 4

84. Which of the following statements about the revenue system of the Mughals is incorrect?

1. Land revenue was collected as a fixed share varying from 1/3 rd to 1/2 of the total produce.
2. Ryots were evicted from their holding for default of payment.
3. Akbar followed Sher Shah's land revenue system.
4. Patta system was started to control the cheatings of taxes by peasants.

Which of the above is/are not correct?

(A) 1, 3 and 4
(B) 2 and 3
(C) 2 only
(D) 4 only

83. मुगल काल की सबसे बड़ी साहित्यिक उपलब्धि क्या कही जा सकती है?

1. आधिकारिक अभिलेखों का व्यवस्थित ढंग से संरक्षण
2. धार्मिक पूर्वाग्रह के स्थान पर धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण का प्रचलन साहित्यकारों और उनके संरक्षकों के बीच
3. आम लोगों की सोच को समझने के लिये एक आम भाषा को अपनाना
4. उन्होंने अपने बौद्धिक ज्ञान को चित्रों और मूर्तियों के माध्यम से व्यक्त किया

(A) 1 और 2
(B) 3 और 4
(C) केवल 2
(D) 2 और 4

84. मुगलों की राजस्व व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

1. भू राजस्व कुल उपज के 1/3 से 1/2 तक के निश्चित हिस्से के रूप में एकत्र किया जाता था
2. भुगतान न करने पर रैयतों को उनकी जोत से बेदखल कर दिया जाता था
3. अकबर ने शेरशाह की भू-राजस्व व्यवस्था का अनुसरण किया
4. किसानों द्वारा करों की धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिये पट्टा व्यवस्था शुरू की गई थी।

उपरोक्त में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(A) 1, 3 और 4
(B) 2 और 3
(C) केवल 2
(D) केवल 4

85. Consider the following statements

1. Battle of Khanwa was fought between Akbar and Rana Sanga.
2. Battle of Khanwa was fought between Babur and Ranasanga in 1527 AD,
3. Humayun lived in exile about 15 years.
4. First battle of chunar was the landmarks for Humayun's military expedition. Which of the above is/are correct?

(A) 1 and 2
(B) 3 and 4
(C) 2 and 3
(D) 1 and 4

86. Which of the following was/were steps taken by Sher Shah to promote trade and commerce?

1. Making travel safe for trader.
2. Building a new highway between Delhi and Warangal.
3. Abolishing internal duties and levying taxes only at the points of import and sale.
4. Building sarais along roadways.

(A) 1, 2 and 3
(B) 2 and 3
(C) 1, 3 and 4
(D) 1, 2, 3 and 4

85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. खानवा का युद्ध अकबर और राणा सांगा के बीच लड़ा गया था।
2. खानवा का युद्ध 1527 ई. में बाबर और राणा सांगा के बीच लड़ा गया था।
3. हुमायूँ लगभग 15 वर्षों तक निर्वासन में रहा था
4. चुनार का पहला युद्ध हुमायूँ के सैन्य अभियान का मील का पत्थर था।

उपरोक्त में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(A) 1 और 2
(B) 3 और 4
(C) 2 और 3
(D) 1 और 4

86. व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिये शेरशाह ने निम्नलिखित में से कौन सा/से कदम उठाया था/थे?

1. व्यापारियों के लिये यात्रा को सुरक्षित बनाना।
2. दिल्ली और वारंगल के बीच एक नया राजमार्ग बनाना।
3. आंतरिक शुल्कों को समाप्त करना और केवल आयात और बिक्री के बिन्दुओं पर कर लगाना।
4. सड़कों के किनारे सरायों का निर्माण

(A) 1, 2 और 3
(B) 2 और 3
(C) 1, 3 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

87. Why did reign of Shahjahan considered as the 'golden period' of Mughal empire?

1. Trade and commerce flourished.
2. The was no external threat to India. The country was safe and sound.
3. The territorial expansion was at its top.
4. Financially the state was comfortable.

(A) 1, 3 and 4
(B) 2 and 3
(C) 2, 3 and 4
(D) 1, 2 and 4

88. What was the reasons of the decline of Mughal empire ?

1. Aurangzeb's religious and political policy
2. Peasants became stronger
3. Zamidars became rebellion
4. Administration was centralised.

Which of the above is/are correct?

(A) 1, 3 and 4
(B) 2, 3 and 4
(C) 1 and 4
(D) 2 and 3

89. Consider the following statements:

1. A war of succession started among the four sons of the Emperor Shahjahan in 1657 A.D.
2. There was no codified Law of Succession for the Mughal dynasty.

Which of the statements given above is/are correct ?

(A) 1 only
(B) 2 only
(C) Both 1 and 2
(D) Neither 1 nor 2

87. शाहजहाँ के शासनकाल को मुगल साम्राज्य का 'स्वर्णिम काल' क्यों माना जाता है?

1. व्यापार और वाणिज्य फल फूल रहा था
2. भारत के लिये कोई बाहरी खतरा नहीं था, देश सुरक्षित और सुदृढ़ था।
3. क्षेत्रीय विस्तार अपने चरम पर था।
4. आर्थिक रूप से राज्य सुखी था।

(A) 1, 3 और 4
(B) 2 और 3
(C) 2, 3 और 4
(D) 1,2 और 4

88. मुगल साम्राज्य के पतन के क्या कारण थे?

1. औरंगजेब की धार्मिक और राजनीतिक नीति
2. किसान सशक्त हुए
3. जमींदार विद्रोही हो गए
4. प्रशासन केन्द्रीकृत हो गया।

उपरोक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(A) 1, 3 और 4
(B) 2,3 और 4
(C) 1 और 4
(D) 2 और 3

89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 1657 ई. में सम्राट शाहजहाँ के चार पुत्रों के बीच उत्तराधिकार का युद्ध शुरू हुआ
2. मुगल वंश के लिये उत्तराधिकार का कोई संहिताबद्ध कानून नहीं था।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) दोनों 1 और 2
(D) न तो 1 और न ही 2

90. Name the person/persons who invited Babur to invade India.

1. Daulat Khan Lodi
2. Mahmud Lodi
3. Bhara Mal of Amber
4. Rana Sanga of Mewar
5. Alam Khan Lodi

(A) 1, 2, 3 (B) 2, 3, 4
(C) 1, 4, 5 (D) 3, 4, 5

91. Which among the following titles was/were not assumed by the Mughal Emperor, Akbar?

1. Caliph
2. Ghazi
3. Imam
4. Mujahid

(A) 1, 2, 3 (B) 2, 3
(C) Only 1 (D) Only 2

92. Arrange the following events of Jahagir's reign in the chronological order?

1. Captain Hawkin's visit to Jahangir's court.
2. Sir Thomas Aoe's arrival at Jahanir's court.
3. Mahabat Khan's revolt and caputre of Jahangir.
4. Prince Khrram's revolt against his father.
5. Jahangir's marriage with Nur Jahan.
6. Issue of 12 famous ordinaces.

Choose the correct answer from the codes below:

(A) 1, 2, 5, 6, 3 and 4
(B) 6, 5, 1, 2, 4 and 3
(C) 2, 4, 3, 5, 6 and 1
(D) 6, 1, 5, 2, 4 and 3

90. उस व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम बताइये जिन्होंने बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिये आमंत्रित किया :

1. दौलत खाँ लोदी
2. महमूद लोदी
3. आमेर का भारमल
4. मेवाड़ का राणा सांगा
5. आलम खाँ लोदी

(A) 1, 2, 3 (B) 2, 3, 4
(C) 1, 4, 5 (D) 3, 4, 5

91. निम्नलिखित में से कौन-सी उपाधियाँ मुगल सम्राट अकबर ने धारण नहीं की थीं?

1. खलीफा
2. गाजी
3. इमाम
4. मुजाहिद

(A) 1, 2, 3 (B) 2, 3
(C) केवल 1 (D) केवल 2

92. जहाँगीर के शासनकाल की निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

1. कैप्टन हॉकिन का जहाँगीर के दरबार में आगमन।
2. सर थामस एओ का जहाँगीर के दरबार में आगमन।
3. महावत खाँ का विद्रोह और जहाँगीर का अपहरण।
4. राजकुमार खुर्रम का अपने पिता के विरुद्ध विद्रोह।
5. जहाँगीर का नूरजहाँ से विवाह।
6. 12 प्रसिद्ध अध्यादेशों का जारी होना।

नीचे दिए गये कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) 1, 2, 5, 6, 3 और 4
(B) 6, 5, 1, 2, 4 और 3
(C) 2, 4, 3, 5, 6 और 1
(D) 6, 1, 5, 2, 4 और 3

93. Consider the following statements:

In 1560's Akbar began to patronise the formation of the Mughal school of painting with the illustration of Dastani-Amir Hamaza, because:

1. Akbar inherited Humayun's taste for painting.
2. Akbar was especially interested in book illustration.
3. Akbar was persuaded to take interest in painting by Abdul Fazl.

Of these statements:

(A) 1, 2 and 3 are correct
(B) 2 and 3 are correct
(C) 1 and 2 are correct
(D) 1 and 3 are correct

94. Which of the following were the main features of the imperial Mughal land revenue system?

1. It varied according to the crop grown.
2. It varied from region to region.
3. It varied according to farming bids received.
4. It varied according to individual contracts with village headmen.

Select the correct answer by using the codes given below:

(A) 2, 3 and 4
(B) 1 and 4
(C) 1 and 2
(D) 1 and 3

93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1560 के दशक में अकबर ने दस्तानी-अमीर हमजा के चित्रण के साथ मुगल चित्रकला शैली के निर्माण को संरक्षण देने शुरू किया, क्योंकिः

1. अकबर को हुमायूँ की चित्रकला की रुचि विरासत में मिली थी।
2. अकबर की विशेष रुचि पुस्तक चित्रण में थी।
3. अब्दुल फजल ने अकबर को चित्रकला में रुचि लेने के लिये प्रेरित किया था।

इन कथनों में से :

(A) 1, 2 और 3 सही हैं
(B) 2 और 3 सही हैं
(C) 1 और 2 सही हैं
(D) 1 और 3 सही हैं

94. निम्नलिखित में से शाही मुगल भू-राजस्व प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं क्या थी?

1. यह उगाई जानी वाली फसल के अनुसार भिन्न होती थी।
2. यह क्षेत्र-दर-क्षेत्र भिन्न होती थी।
3. यह प्राप्त कृषि बोलियों के अनुसार भिन्न होती थी।
4. यह ग्राम प्रधानों के साथ व्यक्तिगत अनुबंधों के अनुसार भिन्न होती थी।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :

(A) 2, 3 और 4
(B) 1 और 4
(C) 1 और 2
(D) 1 और 3

95. Consider the following professions:

1. Spinning
2. Weaving
3. Weeding and transplanting
4. Rubble making and carrying bricks and plaster materials Which of the above professions were largely carried on by women workers in Mughal India as is evident from the Mughal miniatures and Glossaries?

(A) 1, 3 and 4
(B) 1 and 4
(C) 1, 2 and 3
(D) 3 and 4

95. निम्नलिखित व्यवसायों पर विचार कीजिए :

1. कताई
2. बुनाई
3. निराई और रोपाई
4. मलबा बनाना और ईंटे और प्लास्टर सामग्री ढोना। जैसा कि मुगल लघुचित्रों और शब्दावलियों से स्पष्ट है, उपरोक्त में से कौन-सा व्यवसाय मुगल भारत में मुख्यतः महिला श्रमिकों द्वारा किया जाता था।

(A) 1, 3 और 4
(B) 1 और 4
(C) 1, 2 और 3
(D) 3 और 4

96. Consider the following statements related to the Mansabdari system of the Mughals:

1. Akbar introduced the Mansabdari system.
2. Mansabdars were ranked according to the number of zats and sawars they had.
3. Mansabdars were military officers only.

Which of the above statements are correct?

(A) 1, 2 and 3
(B) 1 and 2
(C) 2 and 3
(D) 1 and 3

96. मुगलों की मनसबदारी व्यवस्था से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अकबर ने मनसबदारी व्यवस्था शुरू की।
2. मनसबदारों को उनके जाटों और सवारों की संख्या के अनुसार रैंक किया जाता था।
3. मनसबदार केवल सैन्य अधिकारी होते थे।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है?

(A) 1, 2 और 3
(B) 1 और 2
(C) 2 और 3
(D) 1 और 3

97. Consider the following statements:

1. Hemu, who was defeated at the Second Battle of Panipat by Akbar's army, was a
2. minister and general of Adil Shah
3. trader or Baniya by birth
4. governor of Agra
5. general of Sikandar Shah

Which of the above statement (s) is/are correct?

(A) 1 and 2

(B) 1, 2 and 3

(C) 2 and 4

(D) 1 alone

98. Consider the following statements:

Under Todar Mal's bandobast in Akbar's administration

1. the state was to advance loans to the cultivators which could be paid in easy annual instalments.
2. Remissions of revenue were granted in bad season.
3. The revenue collectors were required to write officially annual reports about the word, character and integrity of their subordinates.
4. the accounts were to be kept in Hindi

Which of the statements given above are correct?

(A) 1 and 2

(B) 1, 2 and 3

(C) 3 and 4

(D) 1, 2, 3 and 4

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हेमूं, जो पानीपत के दूसरे युद्ध में अकबर की सेना से पराजित हुआ था।
2. आदिल शाह का मंत्री और सेनापति था।
3. जन्म से व्यापारी या बनियां था।
4. आगरा का राज्यपाल था।
5. सिंकदर शाह का सेनापति था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं:

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 2 और 4

(D) केवल 1

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य को किसानों को आसान वार्षिक किश्तों में चुकाए जाने वाले ऋण देने थे।
2. खराब मौसम में राजस्व में छूट दी जाती थी।
3. राजस्व संगहकर्ताओं को अपने अधीनस्थों के वचन, चरित्र ओर ईमानदारी के बारे में अधिकारिक तौर पर वार्षिक रिपोर्ट लिखनी होती थी।
4. खाते हिन्दी में रखे जाने थे।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है:

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 3 और 4

(D) 1, 2, 3 और 4

99. Arrange the following events of Akbar's reign in the Chronological order:

1. Uzbeq Rebellion
2. Introduction of Dagh System
3. Conquest of Kashmir

Select the correct answer from the codes given below:

Codes:

(A) 1, 2 and 3
(B) 2, 1 and 3
(C) 3, 2 and 1
(D) 2, 3 and 1

100. Which of the following Mughal emperors dismissed the chief 'Sadra' of the empire?

1. Akbar
2. Jahangir
3. Shahjahan
4. Aurangzeb

Select the correct answer from the codes given below:

Codes:

(A) 1 and 2
(B) 1 and 3
(C) 2 and 3
(D) 1 and 4

99. अकबर के शासनकाल की निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यववस्थित कीजिए:

1. उज्बेक विद्रोह
2. दाग प्रणाली की शुरुआत
3. कश्मीर विजय

नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 1 और 3
(C) 3, 2 और 1
(D) 2, 3 और 1

100. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने साम्राज्य के प्रमुख 'सद्र' को बर्खास्त किया था?

1. अकबर
2. जहाँगीर
3. शाहजहाँ
4. औरंगजेब

नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(A) 1 और 2
(B) 1 और 3
(C) 2 और 3
(D) 1 और 4

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**